**Regarding issue of Commemorative Dak tickets in memory of freedom fighters of Odisha**

श्री रुद्र नारायण पाणी **(धेन्कानल):** धन्यवाद सभापति महोदया, स्मारक टिकट प्रकाशन के मामले में ओडिशा के प्रति पिछले दिनों अवहेलना की गई है । विशेष रूप से ओडिशा की महान विभूतियों के नाम तुलनात्मक दृष्टि से कम स्मारक डाक टिकट जारी किए गए हैं । अतः मेरी आपसे प्रार्थना है कि सर्व कनिष्ठ सहित 12 साल के वीर बालक बाजी राउत, स्वतंत्रता सेनानी पूर्व सांसद वीर वैष्णव पटनायक जी, स्वतंत्रता सेनानी राज्य के पूर्व मुख्य मंत्री श्री नवकृष्ण चौधरी एवं अंगुल राज्य के अंतिम स्वतंत्र राजा, जिन्होंने अंग्रेजों के साथ लड़ाई में बलिदान दे दिया, उनके नाम स्मारक डाक टिकट जारी किया जाए ।

माननीय सभापति **:** माननीय सदस्य श्री जी. लक्ष्मीनारायण जी ।